यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम
Union Bank of India
A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वॉइस बैंकिंग का शुभारंभ

लखनऊ, 10 फरवरी, 2023 : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक और सीईओ सुश्री ए. मणिमेखलै जी द्वारा आज लखनऊ में आयोजित "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023" कार्यक्रम में वॉईस बैंकिंग समाधान **"युवा"** का शुभारंभ किया।

यूनियन बैंक वॉइस असिस्टेंट (युवा) ग्राहकों के लिए वॉयस कमांड के जरिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने का एक अभिनव तरीका है। यह अब एलेक्सा के माध्यम से उपलब्ध है और शेष राशि और लेन-देन के इतिहास के बारे में पूछताछ के लिए 24/7 इस्तेमाल किया जा सकता है। वर्तमान में "युवा" सेवाएं एलेक्सा चैनल पर अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध हैं और गूगल असिस्टंट, वेबसाइट, व्हाट्सएप, मोबाइल बैंकिंग जैसे विभिन्न चैनलों पर अधिकांश भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगी। "युवा" में बैंक के ग्राहकों को बैंक द्वारा शुरू की गई नवीनतम योजनाओं और प्रस्तावों के बारे में सूचित करने की अनूठी विशेषता भी है। वर्तमान में ग्राहक अपने अमेज़न एलेक्सा खाते पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया "युवा" कौशल को सक्रिय करके "युवा" सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। चेक बुक अनुरोध, चेक स्थिति, लॉकर किराया देय, डेबिट कार्ड ब्लॉक करना, डेबिट कार्ड अनब्लॉक करना और क्रेडिट कार्ड बिल देय जैसी और बैंकिंग सेवाएं शीघ्र ही "युवा" के माध्यम से ग्राहकों के लिए शुरू की जाएंगी।

सुश्री ए. मणिमेखलै, प्रबंध निदेशक और सीईओ, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस पहल पर बोलते हुए कहा कि "हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतर डिजिटल सुविधा प्रदान करें। पहले से ही हमारी मौजूदा व्हाट्सएप बैंकिंग (UVConn) लाखों ग्राहकों को बैंक शाखा में आए बिना दूरस्थ स्थान से डिजिटल रूप से बैंकिंग करने की सुविधा प्रदान करता है। अब हमारा वॉइस बैंकिंग समाधान अत्यधिक सुविधा प्रदान करेगा, जिससे हमारे ग्राहकों को जब भी और जहां भी इसकी आवश्यकता होगी, एक तेज़ और व्यक्तिगत बैंकिंग अनुभव प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त होगी।"

****

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी

महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली: 22892500; ईमेल: gm.ccd@unionbankofindia.bank

कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021